उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज।

पत्रांक– 6549 /चयन/164–2021/2021–22 दिनांक 02.01.2022

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या 03/2013 संस्था प्रधान के विज्ञापित पदों के सापेक्ष प्राप्त ऑफलाइन आवेदन को टंकित कराकर इसे अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ चयन बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या 6547/चयन/164–2021/2021–22 दिनांक 01.01.2022 द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है जिससे अभ्यर्थी यह देख लें कि जो सूचना प्रकाशित है वह उनके द्वारा भरे गये आवेदन के अनुरूप है या नहीं। यदि कहीं कोई त्रुटि है तो उसे साक्ष्य सहित दिनांक 08.01.2022 तक शुद्ध कर दें। इस संदर्भ में विभिन्न अभ्यर्थियों द्वारा कतिपय जिज्ञासायें की गयी है जिसका समाधान निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रस्तुत है :–

1- ऑनलाइन प्रदर्शित सूचना अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये आवेदन के अनुसार नहीं होने पर जहॉ त्रुटि है उसे साक्ष्य सहित ऑनलाइन शुद्ध किया जाना है। इसे नवीन आवेदन लेने की सूचना नहीं समझा जाय।

2- विज्ञापन संख्या 03/2013 संस्था प्रधान के प्रकाशित विज्ञापन दिनांक 31.12.2013 में संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 06.02.2014 को जारी हुई जिसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2014 थी।

3- आवेदन करने वाले एवं विज्ञापित संस्था के 02 ज्येष्ठतम अध्यापकों के लिए शैक्षिक अर्हता एवं शिक्षण अनुभव की गणना विज्ञापन दिनांक 31.12.2013 में गयी सूचना के अनुसार **"चयन बोर्ड में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 फरवरी, 2014 तक ही मान्य की जायेगी।"**

4- विज्ञापन दिनांक 31.12.2013 में दी गयी सूचना के अनुरूप 01 जुलाई, 2014 को अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी की आयु 30 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

5- ऑनलाइन प्रदर्शित सूचना में 03 संस्थाओं की अधिमानता आवेदन में भरे गये विकल्प के अनुसार ही भरना होगा। यदि संशोधित विज्ञप्ति में आवेदन में भरे गये विकल्प की संस्था निरस्त हो गयी है तो उसके स्थान पर आवेदित मण्डल की अन्य संस्था का विकल्प भर सकते है।

02-01-2022

सचिव